आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 24.01.2026 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोजगार मेले में 61 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। कहा– सरकार भारत और विदेश में युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करने के प्रयास कर रही है।
- प्रदेश में चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सकों का अलग कैडर बनाया जाएगा।
- हरिद्वार जिले में शिक्षा के क्षेत्र में अभिनव पहल। ''मिशन ज्ञान गंगा'' का शुभारंभ। छात्रों को समान, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना है उद्देश्य।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।

<u>प्रधानमंत्री / नियुक्ति पत्र</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार भारत और विदेश में युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करने के प्रयास कर रही है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली में वर्चुअल माध्यम से 18वें राष्ट्रीय रोजगार मेले को संबोधित करते हुए कहा कि रोजगार मेला एक संस्थागत व्यवस्था बन चुका है, जिसके जरिए युवाओं को रोजगार मिल रहा है।

इस महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत आज के कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में भर्ती हुए 61 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज सौंपे गए नियुक्ति पत्र, युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए आमंत्रण पत्र और विकसित भारत की ओर ले जाने के लिए संकल्प पत्र है।

<u>नियक्ति पत्र / देहरादून</u>

अठारहवां रोजगार मेला आज देशभर के 45 स्थानों पर आयोजित किया गया। देहरादून में आयोजित रोजगार मेले में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल और अन्य संगठनों में चयनित 253 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के अथक प्रयासों से विभिन्न विभागों में तत्परता से कार्य हो रहा है, जिसके फलस्वरूप रोजगार मेले जैसी मुहिम से सरकारी नौकरियों में युवाओं को अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री

प्रदेश में चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सकों का अलग कैडर बनाया जायेगा। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने देहरादून में विभागीय समीक्षा बैठक में इसका प्रस्ताव शीघ्र कैबिनेट में लाने के अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके अलावा राज्य के बॉण्डधारी चिकित्सकों को पीजी कोर्स करने के लिये अलग से अध्ययन नीति तैयार की जायेगी, ताकि इन चिकित्सकों के पीजी कोर्स के अध्ययन के दौरान प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं बाधित न हो। साथ ही पीजी कोर्स के लिये जाने वाले चिकित्सकों के गैप को भरने के लिये 250 चिकित्सकों का एक रिर्जव पूल बनाने का प्रस्ताव कैबिनेट में लाया जायेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रदेश में उच्चीकृत व नवसृजित उप जिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में नये पदों के सृजन का प्रस्ताव भी शीघ्र कैबिनेट में लाया जायेगा, ताकि संबंधित क्षेत्र की जनता को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ हो सके। बैठक में विभागीय मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न श्रेणी के चिकित्सा अधिकारियों की वरिष्ठता सूची के आधार पर आगामी दस फरवरी तक डीपीसी सम्पन्न कराने के निर्देश भी दिये।

बाल विवाह रोकथाम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री आवास में एक संस्था द्वारा देहरादून में बाल विवाह की रोकथाम के लिए संचालित बाल विवाह मुक्ति रथ का फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह रथ एक जन–जागरूकता अभियान के रूप में कार्य करेगा। इसका उद्देश्य दूरस्थ, ग्रामीण और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में जाकर बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के विरुद्ध सघन और प्रभावी संदेश को जन–जन तक पहुँचाना है। यह अभियान आठ मार्च तक संचालित किया जाएगा। इसके अंतर्गत विभिन्न गांवों, शहरी बस्तियों, स्कूलों, पंचायतों, आंगनबाड़ी केंद्रों व सामुदायिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटक, संवाद सत्र, शपथ कार्यक्रम, परामर्श शिविर और जनसंवाद जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

मौसम

प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात से जन–जीवन प्रभावित हुआ है। पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी से बाधित हुए कुछ मुख्य मार्गों सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मार्गों को संबंधित जिला प्रशासन द्वारा युद्धस्तर पर खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, टिहरी जिले में कल बर्फबारी के बाद कमांद, लम्बगांव, प्रतापनगर, रजाखेत, जाखणीधार, घनसाली, कणाताल आदि क्षेत्रों में बाधित बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है। जबकि अन्य क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति को सुचारू करने की कार्यवाही गतिमान है। इस बीच, मौसम विभाग ने प्रदेश के पर्वतीय जिलों में दो हजार तीन सौ मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कहीं–कहीं बहुत हल्की से हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है। वहीं, राज्य के अधिकांश जिलों में आज कक्षा एक से 12वीं तक के सभी आंगनबाड़ी केंद्र, शासकीय, अशासकीय और निजी विद्यालय बंद रहे।

मिशन ज्ञान गंगा

हरिद्वार जिले में शिक्षा के क्षेत्र में एक अभिनव पहल के तहत सुलभ शिक्षा के आभासी प्रकल्प 'मिशन ज्ञान गंगा' का शुभारंभ किया गया है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य मेराज अहमद ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इसमें दस सदस्यीय शिक्षकों की समिति बनाई गई है। उन्होंने कहा कि 'मिशन ज्ञान गंगा' केवल एक परियोजना नहीं, बल्कि शिक्षा को जन–आंदोलन बनाने की पहल है। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्रा ने इसे प्रदेश में अभिनव शैक्षिक प्रयोग बताते हुए अन्य जिलों के लिए अनुकरणीय मॉडल करार दिया। उन्होंने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थियों को कठिन विषयों की जटिल अवधारणाओं को सरल, रोचक और गुणवत्तापूर्ण वीडियो शिक्षण के माध्यम से समझाना है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुरूप सभी विद्यार्थियों तक समान, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाने की दिशा में एक ठोस कदम मानी जा रही है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 130वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। आकाशवाणी से हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

राष्ट्रीय बालिका दिवस

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर ऊधमसिंह नगर जिले के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, बागवाला की 11वीं की छात्रा अनन्या मौर्य को आज एक दिन के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनहित में चलाई जा रही सभी विभागीय योजनाओं की जानकारी ली। अनन्या मौर्य ने कहा कि उनका आज का अनुभव बहुत अच्छा रहा और वे अपने सहपाठियों के साथ भी इसे साझा करेंगी।

उधर, राष्ट्रीय बालिका दिवस पर टिहरी जिले के सभी विकासखंडों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से पीसीपीएनडीटी कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने आम जनमानस को 'बेटी बचाओ' और 'कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम' के प्रति जागरूक किया। लोगों को बताया गया कि कन्या भ्रूण हत्या एक गंभीर सामाजिक अपराध है, जिसे रोकने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग ने यह भी संदेश दिया गया कि बालिकाओं को समान अधिकार, सम्मान और सुरक्षित भविष्य प्रदान करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।